उपवन

उद्यान समिति – जानकी देवी मेमोरियल कॉलेज

संयोजिका – प्रो० संध्या गर्ग

विश्वविद्यालय विभागीय सदस्य – डॉ० निशा मालिक, डॉ० नमिता सेठी, सुश्री तारा नेगी, विकेन्द्र, आदित्य।

अन्य सदस्य – विद्यार्थी व कॉलेज–माली।

'उपवन' जानकी देवी मेमोरियल कॉलेज की उद्यान समिति है जिसका उद्देश्य मालियों के सहयोग से कॉलेज के प्राकृतिक परिवेश को सुंदर, स्वस्थ व मनोहारी बनाना है। वर्ष भर उद्यान समिति विश्वविद्यालय के उद्यानों को अलंकृत व सुसज्जित करने का कार्य करती है। कॉलेज में प्रवेश करते ही सामने एक बड़ा सा लॉन हरी– हरी घास व फूलों से लदी क्यारियों से भरा दिखलाई देता है। इसके अतिरिक्त औषधीय उद्यान, गुलाब वाटिका, रॉकरी, कैक्टस हाउस, बोंसाई कॉलेज के अन्य आकर्षण हैं। औषधीय उद्यान में लगभग 80 किस्म के औषधीय पौधे हैं। जिसके नाम व गुण भी नाम पट्टिका पर अंकित है। चट्टानी पत्थरों से बनी रॉकरी के बीच चट्टानों में पाए जाने वाले फूल व पेड़ लगे हैं। गुलाब–वाटिका में गुलाबों की विविधता – Polyanthus, Miniature, Floribundas (विदेशी) व देसी गुलाब–पाई जाती है। कैक्टस वर बोंसाई को सुंदर व नवीन रूप देने में मालियों ने प्रत्येक वर्ष की तरह इस वर्ष भी सूझ–बूझ व कुशलता से काम किया है। मालियों ने फलों व सब्जियों को लगाने में भी पर्याप्त रुचि ली है।

JDMC, सेल्फी स्थल पिछले कई वर्षों से विद्यार्थियों को अपनी ओर आकर्षित करता रहा है। इस वर्ष एक नया सेल्फी पॉइंट 'फाउंटेन' लगाना भी आकर्षण का केंद्र बिंदु है। हमारी प्राचार्य प्रो० स्वाती पाल ने फाउंटेन के चतुर्दिक बेंच भी लगवा दिए हैं जिन पर बैठकर छात्राएं सेल्फी लेती हैं ।

उपवन समिति अपने विद्यार्थियों को भी इस क्षेत्र में कार्य करने के लिए प्रोत्साहित करती है व छात्राएं भी अपने नए–नए सुझावों से हरित प्रथाओं को विकसित करने में लगातार सहयोग दे रही हैं।

प्रत्येक वर्ष की तरह इस वर्ष भी विश्वविद्यालय ने 66 वीं वार्षिक पुष्प प्रदर्शनी में उत्साह पूर्वक भाग लिया। बोंसाई व फूलों की उत्कृष्टता के लिए दो शानदार कप भी प्राप्त किए 13 अन्य पुरस्कारों से भी उपवन समिति को सम्मानित किया गया।

वार्षिक पुष्प प्रदर्शनी | 66th Annual Flow